ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16.01.2021

- आज दिनांक 16.01.2021 को ओ0सी0एफ0 फैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित पढे शाहजहाँपुर–बढे शाहजहाँपुर कार्यक्रम में नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सिटीजन फीडबैंक में प्रतिभाग करने हेतु चलाया गया कार्यक्रम।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 16.01.2021 को सी0एन0डी0एस0, डेयरी वेस्ट एवं ककरा में एम0 आर0एफ0 सेन्टर का किया गया निरीक्षण।

- आज दिनांक 16.01.2020 को योग वेलनेस सेन्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर आयुक्त महोदय ने योग कर रहे बच्चो को मेडल देकर किया सम्मानित।

आज दिनांक 16.01.2021 को ओ0सी0एफ0 फैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित पढे शाहजहाँपुर–बढे शाहजहाँपुर कार्यक्रम में नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में प्रतिभाग कराने हेतु 02 कैनोपी लगाई गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह,मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द, विधायक श्री रोशन लाल वर्मा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नगर निगम, शाहजहाँपुर को देश में सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिये कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र–छात्राओं एवं अन्य संभ्रान्त नागरिको से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के साथ–साथ वोटिंग करने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी छात्र छात्राओ को बताया गया कि 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक चलने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने के लिये सम्पूर्ण भारत के नगर निकाय प्रतिभाग कर रहे है। इसी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आज ओ0सी0एफ0 फैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित पढे शाहजहाँपुर–बढे शाहजहाँपुर कार्यक्रम में कैम्प लगाकर प्रतिभाग एवं वोटिंग करने की अपील की गई। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित छात्र–छात्राओ को 01 जनवरी 2021 से चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सर्वेक्षण के दौरान पूछे जाने वाले 08 प्रश्नों एवं उनके उत्तरों के बारे में भी बताया गया तथा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 की जानकारी एवं वोटिंग हेतु नगर निगम द्वारा 02 कैनोपी लगाकर लगभग 300 छात्र–छात्राओ एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिको द्वारा प्रतिभाग कर नगर निगम,शाहजहाँपुर को देश मे प्रथम स्थान लाने के लिये वोटिंग की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा,उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0गौतम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 16.01.2021 को जलालनगर बाहर चुंगी में सी0एन0डी0एस0 हेतु चयनित भूमि स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसमें लोगो के घरो निकलने वाले कूड़ा,करकट व उपयोग न हो वाली वस्तुओ को सी0एन0डी0एस के माध्यम से स्टोर कर उपयोगी बनाने हेतु कार्य किया जायेगा। इसके अतिरिक्त ककरा में डेयरी वेस्ट हेतु चयनित भूमि का निरीक्षण किया गया। नगर मे डेयरियो से निकलने वाले गोवर को डेयरी वेस्ट मे खाद् बनाकर उपयोगी बनाया जायेगा। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय ने तत्काल बाउन्ड्रीवाल बनाकर स्वीकृत निर्माण पूर्ण कराने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही ककरा काकर कुण्ड में निर्माणाधीन एम0आर0एफ0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य को यथाशीघ्र कराये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय– नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान,अधिशासी अभियन्ता श्री मोद नरायण झा, श्री विपुल कुमार, एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

3. आज दिनांक 16.01.2021 को योग वेलनेस सेन्टर द्वारा पुराना जिला चिकित्सालय नगर–शाहजहॉपुर में युवां फिटनेस योगा कैम्प का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योगा कैम्प में नगर के बच्चो द्वारा सक्रिय प्रतिभाग कर योगा किया गया। इस मौके पर योगा कैम्प में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर आयुक्त महोदय द्वारा योग कर रहे बच्चो की सरहाना की गई एवं उनकी योगा में लगन को देखते हुये नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी बच्चो को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मृदुल कुमार गुप्ता (योगा प्रशिक्षक),श्री राजमंगल,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।